# Remitly का उपयोगकर्ता अनुबंध

**प्रभावी होने की तारीख: 23 फ़रवरी, 2026**

**Remitly को चुनने के**लिए धन्यवाद. हम भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं के ज़रिए सीमाओं के पार जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं. यह उपयोगकर्ता अनुबंध (**"अनुबंध"**) Remitly और आपके बीच हुआ एक समझौता है. यह अनुबंध उन नियमों और शर्तों का वर्णन करता है, जो आपके उपयोग पर लागू होती हैं: (i) हमारी वेबसाइट www.remitly.com और इसके सबडोमेन, (ii) हमारे द्वारा उपलब्ध कराए गए किसी भी मोबाइल एप्लिकेशन (जहां हर एक को "**मोबाइल ऐप**" कहा गया है) और (iii) हमारी वेबसाइट या मोबाइल ऐप्स के माध्यम से उपलब्ध सेवाएं, सामग्री और अन्य संसाधन. इन सबको मिलाकर (हमारी वेबसाइट और मोबाइल ऐप सहित) "Remitly की **सेवाएं**" कहा गया है. यह अनुबंध सिर्फ़ संयुक्त राज्य अमेरिका के Remitly अकाउंट पर लागू होता है.

**इस अनुबंध को ध्यान से पढ़ें. इस समझौते की शर्तें कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं.**

यह अनुबंध आपके Remitly अकाउंट और हमारे द्वारा उस अकाउंट के ज़रिए उपलब्ध कराई जाने वाली Remitly की सेवाओं के उपयोग को नियंत्रित करता है. कुछ खास Remitly सेवाओं पर अतिरिक्त या पूरक नियम लागू हो सकते हैं, जिन्हें इस अनुबंध का हिस्सा माना जाएगा. किसी भी तरह के टकराव की स्थिति में संबंधित सेवा के खास नियम लागू होंगे.

यह अनुबंध REMITLY की सेवाओं के उपयोग को नियंत्रित करता है और REMITLY की सेवाएं लेने वाले या इसे ऐक्सेस करने वाले सभी उपयोगकर्ताओं पर लागू होता है. किसी भी तरह से REMITLY की सेवाओं को ऐक्सेस करके या इनका उपयोग करके, अकाउंट पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करके, वेबसाइट ब्राउज़ करके या एप्लिकेशन डाउनलोड करके, आप प्रतिनिधित्व करते/करती हैं कि: (1) आपने इस अनुबंध को पढ़ लिया है, समझ लिया है और इसके द्वारा बाध्य होने के लिए सहमत हैं (2) आप Remitly के साथ एक बाध्यकारी अनुबंध करने के लिए ज़रूरी कानूनी उम्र के हैं; और (3) आपको संयुक्त राज्य अमेरिका के कानूनों, आपके निवास स्थान या किसी अन्य लागू न्यायक्षेत्र के तहत REMITLY की सेवाओं का उपयोग करने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है. अगर आप इस अनुबंध में दी गई शर्तों से बंधने के लिए सहमत नहीं हैं, तो Remitly की सेवाओं का उपयोग न करें. अगर Remitly अकाउंट खोलने के बाद आप इस अनुबंध को समाप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो आप अपना Remitly अकाउंट बंद करके ऐसा कर सकते/सकती हैं.

**यह उपयोगकर्ता अनुबंध ("अनुबंध") एक विवाद समाधान और बाध्यकारी मध्यस्थता प्रावधान, सामूहिक**

**कार्रवाई (क्लास एक्शन) से छूट, और जूरी ट्रायल के अधिकार की छूट को शामिल करता है, जो Remitly और उससे संबंधित पक्षों के साथ आपके विवादों के संबंध में आपके अधिकारों को प्रभावित करता है. कृपया नीचे दिए गए सेक्शन 19 को सावधानीपूर्वक पढ़ें**

**अन्य समझौते और नीतियां, जिनका आपको पालन करना होगा.** Remitly की सेवाओं का उपयोग करने का मतलब है कि आपको हमारी (i) [निजता नीति](https://www.remitly.com/us/en/home/policy), (ii) [ई-साइन प्रकटीकरण और सहमति](https://www.remitly.com/us/en/home/esign) और (iii) [कुकी नीति](https://www.remitly.com/us/en/home/cookies) भी स्वीकार है.

**Remitly की सेवाओं का उपयोग करना.** Remitly की सेवाओं और कुछ फ़ीचर्स को ऐक्सेस करने के लिए, आपको एक अकाउंट (कोई **"Remitly अकाउंट"**) रजिस्टर करना होगा. Remitly अकाउंट खोलने के लिए, आपको हमें अपना ईमेल पता देना होगा और Remitly वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से पासवर्ड बनाना होगा. आपकी पहचान सत्यापित करने के लिए हमें जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, उनके सफलतापूर्वक पूरा होने तक, आपको अपने Remitly अकाउंट का ऐक्सेस मिलेगा, जहां आप Remitly की सेवाओं का उपयोग कर सकते/सकती हैं, अपने अकाउंट के ट्रांज़ेक्शन इतिहास की समीक्षा कर सकते/सकती हैं. साथ ही, और भी बहुत कुछ कर सकते/सकती हैं.

**अकाउंट की सुरक्षा.** आप Remitly की सेवाओं का उपयोग सिर्फ़ अपने लिए ही कर सकते/सकती हैं. इसका मतलब यह है कि आप किसी अन्य व्यक्ति के लिए Remitly अकाउंट नहीं बना सकते/सकतीं या Remitly की सेवाओं का उपयोग नहीं कर सकते/सकतीं और आप अपने Remitly अकाउंट की जानकारी, विशेष रूप से अपने Remitly अकाउंट के पासवर्ड को किसी अन्य व्यक्ति के साथ शेयर नहीं कर सकते/सकतीं, ताकि वह आपके लिए Remitly की सेवाओं का उपयोग कर सके. अगर आपको लगता है कि किसी अन्य व्यक्ति ने आपके Remitly अकाउंट को ऐक्सेस किया है, तो आपको हमें तुरंत सूचित करना होगा. **कृपया यह भी ध्यान रखें कि हम कभी भी आपके Remitly अकाउंट का पासवर्ड नहीं पूछेंगे.** हम आपकी जानकारी कैसे इकट्ठा, स्टोर, और शेयर करते हैं, इसकी जानकारी के लिए कृपया हमारी [निजता नीति](https://www.remitly.com/us/en/home/policy)देखें.

**शिकायतों, विवादों या अन्य मुद्दों के लिए हमसे कैसे संपर्क करें.** हम चाहते हैं कि आपको अपना Remitly अकाउंट इस्तेमाल करने पर खुशी का एहसास हो और हमारी सेवाएं आपकी सभी उम्मीदों पर खरी उतरें. अगर हम आपकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते हैं, तो कृपया हमारे [शिकायत पेज](https://www.remitly.com/us/hi/help/article/complaints-process?language=enUS) के माध्यम से हमसे संपर्क करें, हमें

1-844-604-0924 पर कॉल करें या हमें [us-complaints@remitly.com](mailto:us-complaints@remitly.com) पर ईमेल भेजें, ताकि हम समस्या का समाधान करने की कोशिश कर सकें. अगर आप किसी भी समय हमारी सेवाओं का उपयोग बंद करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया अपना अकाउंट बंद करें या सहायता के लिए हमसे संपर्क करें.

## 1\. इस उपयोगकर्ता समझौते के बारे में

**1. हमारे बारे में.** हम Remitly, Inc. हैं, जिसे इस अनुबंध में **"Remitly"**, **"हम"**, **"हमें"**, और **"हमारा"** कहा गया है. यह U.S.A. के डेलवेयर में स्थित एक कंपनी है, जिसका मुख्यालय वॉशिंगटन के सिएटल में है. इसमें हमारे कर्मचारी, निदेशक, सहयोगी, उत्तराधिकारी, और अधिकार प्राप्त लोग शामिल हैं.

**2. आपके बारे में.** जब हम इस अनुबंध में **"आप"** और **"आपका"** कहते हैं, तो इसका मतलब है कि आप Remitly के अकाउंट होल्डर और उसकी सेवाओं के उपयोगकर्ता हैं.

**3. आपका Remitly अकाउंट. Remitly अकाउंट** Remitly द्वारा उपलब्ध कराया अकाउंट होता है, जिससे ग्राहक Remitly की सेवाओं को ऐक्सेस कर सकते हैं. इन सेवाओं में से एक सेवा के तहत आप दूसरे देशों और क्षेत्रों में लोगों को पैसे भेज सकते/सकती हैं. जहां बताया गया है, इस अनुबंध के कुछ नियम नीचे बताई गई Remitly मनी ट्रांसफ़र सेवा ("**मनी ट्रांसफ़र सेवा**") पर लागू होते हैं. अपने Remitly अकाउंट में Remitly की अन्य सेवाओं का उपयोग करने के लिए (जैसे कि Remitly अकाउंट में फ़ंड जमा रखने के लिए), आपको हमारी पात्रता की शर्तें पूरी करनी होंगी. साथ ही, हर सेवा से जुड़े नियमों और शर्तों के लिए अलग-अलग सहमत होना भी ज़रूरी होगा. अगर इस अनुबंध के नियमों और Remitly की दूसरी सेवाओं के खास नियमों में कोई टकराव होता है, तो सेवा से जुड़े खास नियम ही लागू होंगे.

**4.** आप इस अनुबंध की शर्तों (सभी नीतियों सहित) को स्वीकार करते/करती हैं और इनसे सहमत होते/होती हैं, जब आप:

- इस अनुबंध के इलेक्ट्रॉनिक वर्ज़न को स्वीकार करते/करती हैं (जैसे कि जब आप एक Remitly अकाउंट बनाकर हमारी वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से Remitly की सेवाओं के लिए रजिस्टर करते समय इसे स्वीकार करने का विकल्प चुनते/चुनती हैं); या
- Remitly की सेवाओं का उपयोग शुरू करते/करती हैं या उपयोग करने की कोशिश करते/करती हैं, जिसमें Remitly की सेवाओं को ऐक्सेस करना, डाउनलोड करना और/या उनका उपयोग करना या कोई Remitly अकाउंट बनाना शामिल है. ऐसी परिस्थितियों में, हम Remitly की सेवाओं के आपके उपयोग को इस अनुबंध की आपकी स्वीकृति के रूप में मानेंगे.

**5.** इस अनुबंध को स्वीकार करने का मतलब है कि आप इन अतिरिक्त नीतियों (**"नितियां"**) का अनुपालन

करने के लिए सहमत हैं और इसकी सहमति देते/देती हैं:

- [इलेक्ट्रॉनिक संचार वितरण नीति](https://www.remitly.com/us/en/home/esign)

- [निजता नीति](https://www.remitly.com/us/en/home/policy)
- [कुकी नीति](https://www.remitly.com/gb/en/home/cookies).

**6.** Remitly को यह अधिकार है कि वह अपने विवेक के अनुसार इस अनुबंध या ऊपर दी गई नीतियों में किसी भी समय बदलाव कर सकता है. इसका मतलब है कि Remitly इस अनुबंध के हिस्सों को बदलने, जोड़ने या हटाने का अधिकार रखता है और ऐसा किसी भी समय कर सकता है. अगर इस अनुबंध में किए गए बदलाव आपके अधिकारों को कम करते हैं या आपकी ज़िम्मेदारियों को बढ़ाते हैं, तो हम आपको 30 दिन पहले इसकी सूचना देंगे. इस अनुबंध में किसी भी बदलाव के प्रभावी होने के बाद, Remitly की किसी भी सेवा का उपयोग जारी रखने का मतलब है कि आप बदलावों से सहमत हैं और ये बदलाव आपको स्वीकार हैं. हमारी वेबसाइट के [उपयोगकर्ता अनुबंध](https://www.remitly.com/us/en/home/agreement) सेक्शन में जाकर आप किसी भी समय इस अनुबंध के सबसे नए वर्ज़न को देख सकते/सकती हैं. आप इस बात से सहमत हैं कि आप इस अनुबंध में बदलाव नहीं करेंगे/करेंगी. साथ ही, आप यह भी स्वीकार करते/करती हैं कि इस अनुबंध में बदलाव करने का आपका कोई भी प्रयास अप्रभावी होगा.

## 2\. सेवा

**1.** इन शर्तों में बताई गई मनी ट्रांसफ़र सेवा की मदद से पंजीकृत उपयोगकर्ता संयुक्त राज्य अमेरिका से उन सभी देशों में प्राप्तकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय रूप से पैसे ट्रांसफ़र कर सकते हैं, जिनमें Remitly की सेवाएं उपलब्ध हैं. जिन देशों में Remitly मनी ट्रांसफ़र कर सकता है, उनकी सूची हमारी वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर उपलब्ध है. Remitly किसी भी समय, अस्थायी या स्थायी आधार पर, आपको सूचना दिए बिना, किसी भी देश में मनी ट्रांसफ़र की पेशकश बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

**2. "सेंडर"** पैसे भेजने के लिए मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग करता है और **"प्राप्तकर्ता"** मनी ट्रांसफ़र सेवा के माध्यम से पैसे प्राप्त करता है. **"ट्रांज़ेक्शन"** का मतलब एक ऐसे ऑर्डर से है, जो सेंडर द्वारा दिया जाता है और जिसमें मनी ट्रांसफ़र सेवा के माध्यम से प्राप्तकर्ता को पैसे भेजने का निर्देश शामिल होता है. **"ट्रांज़ेक्शन की रकम"** अमेरिकी डॉलर में दी गई वह राशि है, जिसे सेंडर अपने प्राप्तकर्ता को भेजने के लिए Remitly को देता है. **"भुगतान की रकम"** वह राशि है, जिसका भुगतान प्राप्तकर्ता को किया जाता है.

**3. मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग सिर्फ़ उन लोगों को पैसे भेजने के लिए किया जाना चाहिए, जिन्हें आप जानते/जानती हैं और जिन पर आप भरोसा करते/करती हैं, जैसे कि परिवार के सदस्य और दोस्त. मनी**

**ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग ऐसे लोगों को पैसे भेजने के लिए न करें, जिन्हें आप नहीं जानते/जानतीं, जिनसे आप परिचित नहीं हैं या जिन पर आपको भरोसा नहीं है.**

धोखाधड़ी को लेकर हमेशा सतर्क रहें. हमारा आग्रह है कि किसी ऐसे व्यक्ति को पैसे भेजने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लें, जिससे आपका ठीक से परिचय नहीं है. खास तौर पर, आपको उन डील या ऑफ़र से सावधान रहना चाहिए, जो हद से ज़्यादा लुभावने हों. अगर आपको लगता है कि आपके साथ धोखाधड़ी हुई है या हो सकती है, तो कृपया तुरंत हमसे 1-844-604-0924 पर संपर्क करे.

अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति या इकाई के बारे में जानते/जानती हैं, जिसके द्वारा मनी ट्रांसफ़र सेवा का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, तो कृपया हमें [abuse@remitly.com](mailto:abuse@remitly.com) पर ईमेल करें. अगर आपको कोई फ़र्ज़ी (फ़िशिंग) ईमेल मिलता है, जो Remitly की तरफ़ से भेजे जाने का दावा करता है, तो कृपया उस ईमेल को हमें abuse@remitly.com पर फ़ॉरवर्ड कर दें.

**4.** Remitly, Inc. संयुक्त राज्य अमेरिका में एक लाइसेंस प्राप्त मनी सेंडर है. Remitly मनी ट्रांसमिशन लाइसेंस के बारे में अतिरिक्त जानकारी [हमारी वेबसाइट के राज्य लाइसेंस पेज](https://www.remitly.com/us/en/home/licenses)पर पाई जा सकती है. Remitly, Inc. को संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर सेवा प्रदान करने का लाइसेंस नहीं मिला है. इस वजह से, हो सकता है कि यह सेवा संयुक्त राज्य अमेरिका के अलावा अन्य देशों में उपयोग के लिए उपलब्ध न हो.

## 3\. पैसे भेजना शुरू करना और हमारी सेवा का उपयोग करना

**1. अकाउंट बनाना.** सेवा का उपयोग करने के लिए, आपको एक **Remitly अकाउंट** बनाना होगा. Remitly अकाउंट बनाने और मनी ट्रांसफ़र सेवा सहित Remitly की सेवाओं का उपयोग करने के लिए, आपको अपने बारे में जानकारी देनी पड़ सकती है, जिसमें आपका नाम, पता, ईमेल पता, फ़ोन नंबर, सड़क का नाम, पिन कोड, जन्मतिथि, सोशल सिक्यूरिटी नंबर या सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है. आपका Remitly अकाउंट हमें आपके बारे में कुछ जानकारी रिकॉर्ड करने की अनुमति देता है, जैसा कि हमारी [निजता नीति](https://www.remitly.com/us/en/home/policy) में बताया गया है.

Remitly अकाउंट बनाने के लिए, यह आपकी ज़िम्मेदारी है कि आप ये काम करें:

a. हमारे अनुरोध के अनुसार हमें पूर्ण, सटीक और सत्य जानकारी प्रदान करना. आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग हम यह निर्धारित करने के लिए भी करेंगे कि क्या आप हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग

करने के योग्य हैं;

b. ऐसे सुरक्षा क्रेडेंशियल जैसे पासवर्ड या व्यक्तिगत पहचान संख्या बनाएं, जिन्हें Remitly आवश्यक (**"सुरक्षा क्रेडेंशियल्स"**) मानता है

c. Remitly की किसी भी सेवा के माध्यम से भुगतान करने के लिए आवश्यक होने पर, आपको हमें अपने भुगतान के साधनों (जैसे कि आपका बैंक खाता, डेबिट कार्ड, या क्रेडिट कार्ड) की जानकारी देनी होगी. इन्हें व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से **"भुगतान के साधन"** कहा जाता है. जब आप सेवा का उपयोग करने के उद्देश्य से हमें अपने भुगतान के साधन के बारे में जानकारी प्रदान करते/करती हैं, तो आप Remitly को उस जानकारी को हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा सहित Remitly की सेवाओं के उपयोग के लिए, फ़ाइल में स्टोर करने की सहमति देते/देती हैं. इसके अलावा, आप यह पुष्टि करते/करती हैं और आश्वासन देते/देती हैं कि:

i. the Payment Instrument is valid, has not expired, and is otherwise in good standing

ii. you are an authorized and lawful user of the Payment Instrument(s); and

iii. each Transaction that you request through the Money Transfer Service complies with this Agreement and applicable laws, regulations, and rules;

and

d. carry out any other action which we, or our third-party Service Providers, may reasonably require for you to access and use the Money Transfer Service.

**2. आपके Remitly अकाउंट की सुरक्षा.** आप अपने सुरक्षा क्रेडेंशियल्स की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार हैं. आप अपने पासवर्ड या Remitly अकाउंट के किसी भी अनधिकृत उपयोग या किसी अन्य सुरक्षा उल्लंघन के बारे में हमारे [सहायता केंद्र](https://www.remitly.com/us/en/help/contact)के माध्यम से हमसे संपर्क करके हमें तुरंत सूचित करेंगे/करेंगी.

**3. आप मनी ट्रांसफ़र सेवा का इस्तेमाल सिर्फ़ अपने लिए ही कर सकते हैं.** आपको किसी अन्य व्यक्ति

की ओर से न तो कोई Remitly अकाउंट बनाना चाहिए और न ही कोई ट्रांज़ेक्शन सबमिट करना चाहिए. इस अनुबंध के अंतर्गत हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा सिर्फ़ उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है, मतलब कि इसका उपयोग व्यक्तिगत, पारिवारिक या घरेलू उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकता है. इस अनुबंध की शर्तों के अनुसार, किसी अन्य उद्देश्य के लिए हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग करके आप इस अनुबंध का उल्लंघन कर रहे/रही हैं. इसमें कारोबारी उद्देश्य भी शामिल हैं. अपने कारोबार की खातिर हमारी अंतरराष्ट्रीय मनी ट्रांसफ़र सेवाओं का उपयोग करने के लिए, कृपया एक बिज़नेस अकाउंट खोलें जैसा कि हमारे [बिज़नेस अकाउंट एग्रीमेंट](https://www.remitly.com/us/en/home/agreement-business) में बताया गया है. हम आपके Remitly अकाउंट को समाप्त करने, आपको Remitly की सेवाएं प्रदान करने से रोकने या निलंबित करने या अन्यथा किसी भी समय आपके प्रति जवाबदेही के बिना हमारी Remitly की सेवाओं के आपके उपयोग को रोकने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

## 4\. मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग करने की योग्यता पाने की शर्तें

**1. उम्र और क्षमता.** सेंडर के रूप में अपना Remitly अकाउंट बनाने, मनी ट्रांसफ़र सेवा को ऐक्सेस करने या इसका उपयोग करने के लिए, आपकी उम्र कम से कम अठारह (18) साल होनी चाहिए. Remitly अकाउंट खोलकर आप घोषणा करते/करती हैं कि आपकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है. आपके पास लागू होने वाले कानून के तहत, कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता करने की इजाज़त होनी चाहिए. अन्य प्रतिबंध भी लागू हो सकते हैं.

**2. संयुक्त राज्य अमेरिका में निवास.** मनी ट्रांसफ़र सेवा सिर्फ़ संयुक्त राज्य अमेरिका के निवासियों के लिए उपलब्ध है, बशर्ते Remitly द्वारा अलग से अनुमति न दी गई हो. अगर आप लंबे समय से संयुक्त राज्य अमेरिका से बाहर रह रहे/रही हैं, तो हम मनी ट्रांसफ़र सेवा के लिए आपके ऐक्सेस को निलंबित कर सकते हैं.

**3. ऑफ़र और स्वीकृति.** ट्रांज़ेक्शन सबमिट करने का मतलब है कि आप हमसे अपने ट्रांज़ेक्शन की प्रक्रिया पूरी करने का अनुरोध कर रहे/रही हैं. हम सिर्फ़ अपने विवेक पर इस अनुरोध को स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं.

**4. एक से ज़्यादा अकाउंट.** आप Remitly की सेवाओं का उपयोग करने के लिए सिर्फ़ एक ही सक्रिय उपभोक्ता Remitly अकाउंट रख सकते/सकती हैं. अगर हम यह पाते हैं कि आप एक से अधिक Remitly अकाउंट का उपयोग कर रहे/रही हैं, तो हम एक या एक से अधिक Remitly अकाउंट का विलय करने या समाप्त करने, Remitly की सेवाओं के आपके उपयोग को सीमित करने या Remitly अकाउंट के आपके उपयोग को निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

## 5\. आपकी पहचान सत्यापित करना

**1. सामान्य.** राज्य और संघीय कानून की आवश्यकता के अनुसार, तथा अपनी प्रणाली को सुरक्षित रखने के लिए, आपकी पहचान सत्यापित करना तथा आपके द्वारा हमें प्रदान की गई कुछ जानकारी को हमारी [निजता

नीति](https://www.remitly.com/us/hi/home/policy) के अनुरूप रखना हमारे लिए आवश्यक है.

**2. ग्राहक की पहचान से जुड़ी आवश्यकताएं.** मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ़ लागू कानूनों के दायित्वों का पालन करने के लिए, हमें आपकी पहचान संबंधी जानकारी प्राप्त करने, सत्यापित करने और रिकॉर्ड करने की ज़रूरत पड़ सकती है. हमारे कानूनी और विनियामक दायित्वों का पालन करने के लिए, हम आपसे गैर-सार्वजनिक, व्यक्तिगत, पहचान योग्य जानकारी प्रदान करने के लिए कह सकते हैं. हम वैधानिक रूप से अन्य स्रोतों से भी आपके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

**3. अधिकृत करना.** आप हमें इस बात के लिए अधिकृत करते/करती हैं कि आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी को सत्यापित करने के लिए, आवश्यकता पड़ने पर, हम आपसे या अन्य लोगं से किसी भी प्रकार की पूछताछ कर सकते हैं. हम तीसरे पक्ष के डेटाबेस या अन्य स्रोतों के माध्यम से आपकी पहचान सत्यापित करने के लिए आपसे अतिरिक्त जानकारी का अनुरोध करने और आपके ईमेल पते या भुगतान साधन के मालिकाना हक की पुष्टि करने के लिए आपसे कदम उठाने की अपेक्षा करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

## 6\. ट्रांज़ेक्शन करना

**1. सामान्य.** अपने Remitly अकाउंट का उपयोग करके, आप हमें अपने और प्राप्तकर्ता के बारे में जानकारी प्रदान करके प्राप्तकर्ता को पैसे भेज सकते/सकती हैं. आप किसी प्राप्तकर्ता को पैसे भेज सकते/सकती हैं और प्राप्तकर्ता आपके द्वारा भेजे गए पैसे को हासिल कर सकता है, भले ही उसके पास Remitly अकाउंट न हो या वह Remitly की सेवाओं का उपयोग न करता हो.

**2. आपके ट्रांज़ेक्शन को प्रोसेस करना.** ट्रांज़ेक्शन सबमिट करने का मतलब है कि आप हमसे अपनी ट्रांज़ेक्शन प्रक्रिया पूरी करने का अनुरोध कर रहे/रही हैं. मनी ट्रांसफ़र सेवा के माध्यम से ट्रांज़ेक्शन करने के लिए और हमें आपकी ओर से ट्रांज़ेक्शन प्रोसेस करने के लिए, आपको हमें किसी वैध भुगतान साधन के बारे में जानकारी प्रदान करनी होगी, जिसका उपयोग आप अपने Remitly अकाउंट के माध्यम से अपने ट्रांज़ेक्शन की राशि उपलब्ध कराने के लिए करना चाहते हैं. अगर हम आपके द्वारा चयनित भुगतान साधन का उपयोग करके आपके ट्रांज़ेक्शन को प्रोसेस करने में असमर्थ हैं, तो हम आपको सूचित करेंगे और अनुरोध करेंगे कि आप अपना ट्रांज़ेक्शन पूरा करने के लिए कोई अन्य भुगतान साधन चुनें. आप सहमत हैं कि हम इस अनुबंध की शर्तों के अंतर्गत आपके ट्रांज़ेक्शन को प्रोसेस करने के आपके प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं. हम आपके द्वारा अनुरोधित किसी भी ट्रांज़ेक्शन को पूरा करने के लिए बाध्य नहीं हैं, अगर, उदाहरण के लिए, आपने इस अनुबंध में निर्धारित अपने किसी भी दायित्व का उल्लंघन किया है.

**3. बैंक अकाउंट से भुगतान की अनुमति.** जब आप अपने बैंक अकाउंट का भुगतान साधन के रूप में उपयोग करके किसी ट्रांज़ेक्शन को फ़ंड करते/करती हैं और/या कोई सेवा शुल्क अदा करते/करती हैं, तो आप प्रदान किए गए भुगतान निर्देशों के अनुसार उस बैंक अकाउंट से ACH डेबिट या क्रेडिट प्रविष्टियों को लागू करने और किसी रिफ़ंड, कैंसिलेशन या अन्य कारणों से लौटाए गए ट्रांज़ेक्शन की राशि आपके बैंक अकाउंट में जमा करने के लिए

अधिकृत करते/करती हैं.

**4. कार्ड से भुगतान की अनुमति.** जब आप किसी ट्रांज़ेक्शन के लिए पैसे मुहैया कराते/कराती हैं और/या सेवा शुल्क का भुगतान क्रेडिट या डेबिट कार्ड से करते/करती हैं, तो आप हमें इस ट्रांज़ेक्शन को प्रोसेस करने के लिए उस भुगतान साधन से आपके द्वारा दर्ज की गई राशि और सेवा शुल्क को डेबिट या चार्ज करने और हमारे द्वारा ट्रांज़ेक्शन प्राप्त होते ही धनराशि को बताए गए प्राप्तकर्ता को भेजने की अनुमति देते/देती हैं. आप अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड को अपने Remitly अकाउंट से हटाकर, हमसे शुल्क वसूलने के लिए अपना अधिकार वापस ले सकते/सकती हैं. अगर आपका भुगतान सफल नहीं हो पाता है, तो आप हमें लागू कानून के तहत सीमाओं के अधीन, उसी डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके एक या अधिक बार फिर से कोशिश करने के लिए अधिकृत करते/करती हैं.

**5. Remitly का दायित्व.** जब आप हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा के माध्यम से कोई ट्रांज़ेक्शन करते हैं, तो यह सुनिश्चित करना आपकी ज़िम्मेदारी है कि सभी ट्रांज़ेक्शन विवरण पूर्ण, सटीक और सही हों (जिसमें, बिना किसी सीमा के, प्राप्तकर्ता की जानकारी और प्राप्तकर्ता के बैंकिंग या अन्य अकाउंट का विवरण शामिल है), क्योंकि प्रोसेसिंग के लिए हमारे पास सबमिट किए जाने के बाद हम आपको अपने ट्रांज़ेक्शन का विवरण बदलने की अनुमति नहीं दे पाएंगे.

कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, आप अपने Remitly अकाउंट से मनी ट्रांसफ़र सेवा के माध्यम से शुरू किए गए सभी भुगतान निर्देशों या ट्रांज़ेक्शन से बाध्य होने के लिए सहमत हैं. आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके ट्रांज़ेक्शन के लिए सभी भुगतान निर्देश सही और सटीक हों.

आप जिस प्राप्तकर्ता को पैसे भेज रहे/रही हैं, उसकी सही जानकारी दर्ज करने के लिए आप ही पूरी तरह से ज़िम्मेदार हैं. लागू कानून के तहत, अगर कोई राशि किसी गलत व्यक्ति को ट्रांसफ़र हो जाती है, तो आप (न कि Remitly) इसके लिए ज़िम्मेदार होंगी/होंगी, क्योंकि आपने ट्रांज़ेक्शन के लिए प्राप्तकर्ता से संबंधित गलत जानकारी दर्ज की थी.

लागू कानून के तहत सीमाओं के अधीन, Remitly इन परिस्थितियों में ट्रांज़ेक्शन पूरा करने में विफलता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा:

- अगर आपके भुगतान निर्देशों में गलत निर्देश, गलतियां या अपर्याप्त जानकारी शामिल है; या
- आपके द्वारा चुने गए भुगतान साधन में आपके द्वारा मनी ट्रांसफ़र सेवा के माध्यम से शुरू किए गए ट्रांज़ेक्शन के भुगतान के लिए पर्याप्त फ़ंड नहीं है.

## 7\. मनी ट्रांसफ़र सेवा के लिए भुगतान करना

**1. हमारी सेवा का शुल्क.** आपको हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा प्रदान करने के बदले में, आप ट्रांज़ेक्शन की रकम के अतिरिक्त, आपके द्वारा सबमिट किए गए हर ट्रांज़ेक्शन के लिए हमें (**एक "सेवा शुल्क"**) का भुगतान करने के लिए सहमत हैं. किसी खास ट्रांज़ेक्शन से संबंधित अलग सेवा शुल्क राशि का विवरण आपको हमारे मोबाइल ऐप या वेबसाइट पर आपके ट्रांज़ेक्शन को निष्पादित करने की सहमति देने से पहले उपलब्ध करा दिया जाएगा. ट्रांसफ़र प्रोसेस करने के लिए ट्रांज़ेक्शन सबमिट करते समय आपको हमें अमेरिकी डॉलर में भुगतान करना होगा. सेवा शुल्क, प्राप्तकर्ता के देश और अन्य कारकों के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं और इनमें बदलाव किया जा सकता है.

**2. अन्य शुल्क.** हम आपके भुगतान साधनों से जुड़े वित्तीय संस्थानों द्वारा लगाए जा सकने वाले शुल्क के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं. उदाहरण के लिए, कुछ क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग करने के लिए आपके क्रेडिट कार्ड के उपयोग को **"कैश एडवांस"** मान सकते हैं और ट्रांज़ेक्शन के लिए अतिरिक्त शुल्क और ब्याज़ लागत वसूल सकते हैं. Remitly किसी भी अपर्याप्त फ़ंड फ़ीस ("**NSF फ़ीस"**), चार्जबैक फ़ीस या अन्य, समान शुल्क के लिए ज़िम्मेदार नहीं है, जो आपके बैंक, क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता या अन्य प्रदाता द्वारा आप पर लगाया जा सकता है. अगर आप कोई ऐसा ट्रांज़ेक्शन प्रस्तुत करते/करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप Remitly से कोई शुल्क या अन्य राशि ली जाती है, क्योंकि आपके भुगतान साधन का उपयोग अधिकृत तरीके से नहीं किया गया है, या अपर्याप्त धन या क्रेडिट है, तो हम आपको उस शुल्क के बारे में सूचित करेंगे, जो हमसे लिया गया था, और आप हमें समतुल्य राशि का भुगतान करने के लिए सहमत हैं.

**3. विदेशी मुद्रा विनिमय.** हम और हमारे सेवा प्रदाता (इन्हें नीचे परिभाषित किया गया है) तब धन अर्जित कर सकते हैं, जब आप किसी ट्रांज़ेक्शन के लिए एक मुद्रा में भुगतान करते/करती हैं और ट्रांज़ेक्शन का भुगतान किसी अन्य मुद्रा में किया जाता है, क्योंकि जिस एक्सचेंज रेट पर हम विदेशी मुद्रा खरीदते हैं और आपके ट्रांज़ेक्शन के समय आपको प्रदान किए गए एक्सचेंज रेट के बीच अंतर होता है. एक्सचेंज रेट, प्राप्तकर्ता के देश और अन्य कारकों के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं और इनमें बदलाव किया जा सकता है. अगर आपके द्वारा अनुरोधित किसी ट्रांज़ेक्शन पर विदेशी मुद्रा एक्सचेंज रेट लागू होता है, तो ट्रांज़ेक्शन को अधिकृत करने से पहले आपको इसकी जानकारी दे दी जाएगी.

**4. तीसरे पक्षों की फ़ीस और शुल्क.** हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग करने पर अन्य तीसरे पक्ष आप पर फ़ीस, लागत या अन्य देयताएं लगा सकते हैं. इन तीसरे पक्षों में आपका बैंक, कार्ड जारीकर्ता, फ़ोन प्रदाता या इंटरनेट सेवा प्रदाता शामिल हो सकते हैं. उदाहरण के लिए, आपका फोन और/या इंटरनेट सेवा प्रदाता आपसे डेटा या संदेश सेवाओं से संबंधित शुल्क ले सकता है. आप (न कि Remitly) हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा के उपयोग से संबंधित ऐसे तीसरे पक्षों द्वारा लगाए गए किसी भी शुल्क, लागत और/या खर्चों के लिए ज़िम्मेदार हैं. कृपया इन अतिरिक्त लागतों के विवरण के लिए, तीसरे पक्ष के इन सेवा प्रदाताओं के साथ अपने अनुबंध की जांच करें.

## 8\. मनी ट्रांसफ़र प्राप्त करना

**1. सेवा प्रदाता.** हम प्राप्तकर्ताओं को फ़ंड उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय बैंकों और तीसरे पक्ष के अन्य आउटलेट (इनमें सबको **"सेवा प्रदाता"** माना जाता है) के साथ काम करते हैं. हम अपनी वेबसाइट पर अपने सेवा प्रदाताओं की मौजूदा लोकेशन, उपलब्धता, और उनके कामकाज के समय के बारे में ताज़ा जानकारी देने की कोशिश करते हैं. कृपया ध्यान दें कि इनमें हमारी जानकारी के बिना भी बदलाव हो सकता है और वेबसाइट पर पोस्ट की गई किसी भी गलत या अपूर्ण जानकारी के लिए हम ज़िम्मेदार नहीं होंगे.

**2. प्राप्तकर्ताओं का सत्यापन.** प्राप्तकर्ताओं को फ़ंड प्राप्त करने से पहले हमारे सेवा प्रदाताओं को अपनी पहचान सत्यापित करने के लिए वैध पहचान पत्र जैसी जानकारी प्रदान करनी करनी पड़ सकती है. इसके अलावा, प्राप्तकर्ताओं को अपने ट्रांज़ेक्शन से जुड़ा कोई रेफ़रेंस नंबर या पहचान को साबित करने वाली ऐसी ही कोई अन्य जानकारी देनी पड़ सकती है.

**3. समाप्त हो चुके ट्रांज़ेक्शन.** हम उन ट्रांज़ेक्शन को कैंसिल कर देंगे, जिनमें प्राप्तकर्ताओं को कैश पिक-अप के ज़रिए फ़ंड उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन वे फ़ंड पहली बार उपलब्ध कराए जाने के 60 कैलेंडर दिनों (या किसी सेवा प्रदाता या स्थानीय विनियामक द्वारा समय-समय पर निर्धारित कोई अन्य समय सीमा) के भीतर वैध रूप से पिक नहीं करते हैं. समाप्त हो चुके इन ट्रांज़ेक्शन के लिए, जहां संभव हो, हम आपको ट्रांज़ेक्शन की पूरी राशि, टैक्स और कोई भी सेवा शुल्क, जो आपने ट्रांज़ेक्शन के तहत चुकाया हो, रिफ़ंड कर देंगे. अगर कानूनी रूप से अपेक्षित समय बीत जाने के बाद भी हम इस भुगतान साधन को फ़ंड वापस करने में असमर्थ रहते हैं, तो फ़ंड को संबंधित राज्य को सौंप दिया जाएगा.

## 9\. सेवा संबंधी महत्वपूर्ण प्रतिबंध

**1. हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा के आपके उपयोग को सीमित करने का हमारा अधिकार.** इस अनुबंध में अन्यत्र वर्णित सीमाओं के अतिरिक्त, हम अपने पूर्ण विवेक से किसी भी ट्रांज़ेक्शन को प्रोसेस करने से इनकार कर सकते हैं, जहां हमारे पास उचित विश्वास या विश्वास करने का उचित आधार हो कि यह आपकी और/या हमारी सुरक्षा के लिए आवश्यक है या जब यह अन्यथा आवश्यक हो, ताकि हम कानूनी या नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन कर सकें. हम ट्रांसफ़र की जाने वाली किसी भी राशि को, प्रति ट्रांज़ेक्शन के आधार पर या समग्र आधार पर, सीमित कर सकते हैं. ये सीमाएं व्यक्तिगत Remitly अकाउंट या आपके Remitly अकाउंट में विशिष्ट भुगतान साधनों पर लगाई जा सकती हैं. हम किसी भी समय पूरी की पूरी मनी ट्रांसफ़र सेवा में या इसके किसी हिस्से में बदलाव करने या इसे बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

**2. देरी.** हमें लागू कानून के अनुसार, आपकी पहचान सत्यापित करने, आपके भुगतान साधन को मान्य करने, हमारे वित्तीय जोखिम का प्रबंधन करने, या अगर हमें लगता है कि ट्रांज़ेक्शन में धोखाधड़ी हो सकती है या कोई अपराध या कानून, नियम या विनियमन का उल्लंघन हुआ है, हो रहा है, या हो सकता है, तो आपके ट्रांज़ेक्शन में देरी करने का पूर्ण विवेकाधिकार है. प्राप्तकर्ता को फ़ंड उपलब्ध कराने में देरी या विफलता के कारण के आधार पर, आप कुछ परिस्थितियों में रिफ़ंड या अन्य उपायों के हकदार हो सकते/सकती हैं.

**3. ट्रांसफ़र की स्पीड** आपके किसी भी ट्रांज़ेक्शन के लिए कोई भी ट्रांसफ़र में लगने वाले समय की जानकारी या अनुमान जो हम आपको हमारी वेबसाइट या हमारे मोबाइल ऐप पर प्रदान करते हैं, वे भुगतान का तरीका, डिलीवरी का तरीका, ट्रांज़ेक्शन की समीक्षा और Remitly, हमारे पार्टनर और सेवा प्रदाताओं की सिस्टम उपलब्धता के आधार पर डिलीवरी की तारीख और समय का अनुमान हैं. पैसे भेजे जाने की प्रक्रिया के दौरान, आपके द्वारा ट्रांज़ेक्शन प्रस्तुत करने से पहले, तथा आपकी ट्रांज़ेक्शन रसीद में हमारे द्वारा प्रदान की गई किसी भी ट्रांसफ़र में लगने वाले समय की जानकारी और अनुमान के अतिरिक्त, हम आपको सटीक तिथि और समय प्रदान करेंगे, जब आप उम्मीद कर सकते/सकती हैं कि आपका पैसा आपके प्राप्तकर्ता तक पहुंचाया जाएगा.

**4. कॉमर्शियल ट्रांज़ेक्शन.** हम उन वस्तुओं या सेवाओं की क्वॉलिटी या डिलीवरी के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं, जिनके भुगतान के लिए आप हमारी मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग करते/करती हैं. आप स्वीकार करते/करती हैं कि वस्तुओं और सेवाओं के भुगतान की खातिर फ़ंड ट्रांसफ़र करने के लिए, मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग करना आपके अपने जोखिम पर है.

**5. अपात्रता.** लागू कानूनों और विनियमों का पालन करने के लिए, हम कुछ सेंडर और कुछ प्राप्तकर्ताओं से ट्रांज़ेक्शन को अस्वीकार कर सकते हैं, जो विशेष रूप से डेजिग्नेट किए गए नागरिकों और ब्लॉक किए गए व्यक्तियों की सूची, नॉन कोआपरेटिव देशों और टेरिटरी की सूची, और अलग-अलग सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी की गई अन्य सूचियों में शामिल हैं.

**6. कोई बदलाव नहीं.** अगर आपने किसी ट्रांज़ेक्शन को सबमिट कर दिया है, ताकि हम उसे प्रोसेस कर सकें, तो उसके बाद हम आम तौर पर उस ट्रांज़ेक्शन का विवरण बदलने की अनुमति नहीं देते. अपने ट्रांज़ेक्शन के विवरण को सटीक रखना आपकी ज़िम्मेदारी है. इस अनुबंध के सेक्शन 6.5 और अन्य सेक्शन के अनुसार, किसी ट्रांज़ेक्शन के लिए प्राप्तकर्ता के बारे में जानकारी दर्ज करते समय आपके द्वारा दी गई किसी भी गलत जानकारी या गलतियों के लिए Remitly नहीं, बल्कि आप ज़िम्मेदार होंगे/होंगी. हालांकि, इस अनुबंध में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे यह समझा जाए कि लागू कानून के तहत ट्रांज़ेक्शन को रद्द करने या ट्रांज़ेक्शन के संबंध में त्रुटि का दावा करने के संबंध में आपके अधिकार सीमित हों.

**7. गतिविधियां, जो प्रतिबंधित हैं.** हमारी वेबसाइट या मनी ट्रांसफ़र सेवा या Remitly की किसी भी सेवा के आपके उपयोग के संबंध में या Remitly के साथ आपके इंटरैक्शन के दौरान, हम इन चीज़ों को **प्रतिबंधित गतिविधियों** (हर एक, एक **"प्रतिबंधित गतिविधि"** है) के रूप में मानते हैं और आप यह नहीं करेंगे/करेंगी:

- इस अनुबंध या आपके और Remitly के बीच किसी अन्य अनुबंध का उल्लंघन;
- हमारी सेवा का उपयोग किसी भी अवैध उद्देश्य के लिए या किसी भी लागू कानून का उल्लंघन करके करना, जो हमें या आपकी मनी ट्रांसफ़र सेवा के उपयोग को प्रभावित करता है (जिसमें धोखाधड़ी, आतंकवादी संगठनों को फ़ंड करना और/या मनी लॉन्ड्रिंग शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है);
- इनमें से किसी के लिए मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग करना: यौन-उन्मुख सामग्री या सेवाएं,

**जुआ खेलना**, धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी संगठनों की फ़ंडिंग या तंबाकू, तंबाकू से संबंधित सामग्री, आग्नेयास्त्र, चिकित्सकीय दवाएं, या अन्य नियंत्रित पदार्थों की खरीद या बिक्री;

- झूठी, गलत या भ्रामक जानकारी प्रदान करना (जिसमें, बिना किसी सीमा के, हमारे Remitly अकाउंट बनाने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में कोई भी जानकारी और/या वह जानकारी शामिल है जिसे हम किसी ट्रांज़ेक्शन को निष्पादित करने के लिए आपसे अनुरोध करते हैं);

- किसी भी जांच में सहयोग करने से इनकार करना या हमें आपके बारे में, आपकी पहचान के बारे में या हमारी सेवा के आपके उपयोग के बारे में आगे की जानकारी या पुष्टि प्रदान करने से इनकार करना, जिसका हम अनुरोध कर सकते हैं;

- अनजान प्रॉक्सी का उपयोग;

- अपने क्रेडिट कार्ड से खुद के लिए एडवांस कैश राशि निकालना (या ऐसा करने में दूसरों की मदद);

- किसी विवाद के दौरान हमसे, हमारी सेवा के किसी अन्य उपयोगकर्ता, बैंक, या आपके डेबिट या क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता से उसी ट्रांज़ेक्शन के लिए रिफ़ंड या अन्य पुनर्भुगतान प्राप्त करने या प्राप्त करने की कोशिश करके अपने हक से अधिक धन प्राप्त करने का प्रयास करना; या

- हमारी वेबसाइट या ऐप की निगरानी या कॉपी बनाने के लिए किसी भी रोबोट, स्पाइडर, स्क्रैपर, स्वचालित डिवाइस या मैनुअल प्रक्रिया का उपयोग या किसी भी तरीके से Remitly बौद्धिक संपदा को प्रदर्शित, उपयोग, कॉपी या बदलाव.

**8.** अगर आप मनी ट्रांसफ़र सेवा या Remitly की किसी भी सेवा से संबंधित किसी प्रतिबंधित गतिविधि में शामिल होते/होती हैं या अगर हमें लगता है कि आप ऐसी किसी प्रतिबंधित गतिविधि में शामिल हैं, तो Remitly अपने विवेक के आधार यह कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है:

- ट्रांज़ेक्शन में देरी करना, उसे रिवर्स कर देना, रद्द करना, अस्वीकार करना, या प्रक्रिया करने से मना करना और/या ट्रांज़ेक्शन की जानकारी को बदलना (या अन्य भुगतान सेवा प्रदाताओं के माध्यम से इसी प्रकार की कार्रवाई करना);

- आपके Remitly अकाउंट को बंद या निलंबित किया जा सकता है, हमारी सेवाओं के लिए किसी विशेष भुगतान साधन के आपके उपयोग को अस्थायी या स्थायी रूप से निलंबित किया जा सकता है और/या हमारी सेवाओं के आपके उपयोग को पूर्ण या आंशिक रूप से प्रतिबंधित किया जा सकता है, जिसमें भविष्य में आपको Remitly की सेवाएं प्रदान न करना भी शामिल है;

- किसी भी प्रतिबंधित गतिविधि से जुड़े किसी भी सामग्री को संपादित, संशोधित या पोस्ट करने से इनकार करना और/या किसी भी भुगतान निर्देश या डेटा ट्रांसफ़र को निष्पादित करने से इनकार करना; और/या

- ट्रांज़ेक्शन और आपसे संबंधित या हमारी सेवाओं के आपके उपयोग से संबंधित किसी भी अन्य प्रासंगिक जानकारी को हमारे फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन पार्टनर, किसी नियामक, पुलिस या अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी, और/या सरकारी विभाग या एजेंसी को रिपोर्ट करना.

अगर हम किसी भुगतान निर्देश को निलंबित करते हैं, उसका पालन करने से इनकार करते हैं, और/या अन्यथा हमारी सेवाओं के आपके उपयोग को प्रतिबंधित करते हैं, तो हम, अगर कानून द्वारा अनुमति दी गई हो, तो आपको इलेक्ट्रॉनिक या अन्य माध्यमों से सूचित करने का प्रयास करेंगे.

## 10. देश-विशेष के नियम और शर्तें

**1. भारत में/से ट्रांज़ेक्शन.** Remitly, भारत में/से पैसे भेजने के लिए होने वाले ट्रांज़ेक्शन की प्रक्रिया को, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थापित 'रुपया आहरण व्यवस्था' के मुताबिक पूरी करता है. आप समझते हैं कि इस अनुबंध के तहत नीचे दिए गए मनी ट्रांसफ़र प्रकार के लिए मनी ट्रांसफ़र सेवा का उपयोग करना प्रतिबंधित है:

- चिट फ़ंड, धर्मार्थ ट्रस्ट, मंदिर, गैर-लाभकारी संगठन, फाउंडेशन और इसी तरह की अन्य संस्थाओं को पैसे भेजने के लिए;
- राजनीतिक दलों को या उनके लिए;
- किसी भारतीय इकाई में शेयर/लाभकारी हिस्सेदारी खरीदने के लिए;
- लाभार्थी को दिए गए किसी ऋण से संबंधित;
- जहां धन का स्रोत भारत में अवैध गतिविधियों से जुड़ा हो, जैसे सट्टेबाज़ी और गेमिंग से संबंधित गतिविधियां.
- आप सहमत हैं कि आप हमें, ट्रांसफ़र सेवा प्रदाताओं, लेखा परीक्षकों या निरीक्षकों को सभी प्रासंगिक दस्तावेज़, सहायता और सहयोग (किसी भी रूप में अनुरोधित) प्रदान करेंगे, ताकि लागू कानूनों के तहत निर्धारित 'अपने ग्राहक को जानें' जांच सहित सभी आवश्यक जांच की जा सकें. अगर आप ज़रूरत पड़ने पर ऊपर बताई गई जानकारी या सहयोग नहीं प्रदान करते/करती हैं, तो आप यह मानते और समझते हैं कि हम आपका ट्रांज़ेक्शन कैंसिल कर सकते हैं.

**2. ब्राज़ील के लिए ट्रांज़ेक्शन.** अगर आप हमारी सेवा का उपयोग करके ब्राज़ील को ब्राज़ीलियन रियल में पैसे भेज रहे/रही हैं और हम यह ट्रांज़ेक्शन अपनी ब्राज़ीलियन लाइसेंस प्राप्त इकाई (Remitly Corretora de Cambio Ltda) के माध्यम से करते हैं, तो इस [ब्राज़ील परिशिष्ट](https://www.remitly.com/us/en/brazil/addendum) की शर्तें आपके ट्रांज़ेक्शन पर लागू होंगी. कृपया ब्राज़ील परिशिष्ट को ध्यानपूर्वक पढ़ें.

**3. अन्य प्राप्तकर्ता देश.** समय-समय पर सेवा प्रदाताओं या नियामक प्राधिकरणों द्वारा दूसरे देशों में पैसे भेजने या दूसरे देशों में ख़ास उद्देश्यों के लिए पैसे भेजने पर अतिरिक्त शर्तें या प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं. हम अपनी वेबसाइट पर मौजूदा जानकारी उपलब्ध करने के कोशिश करते हैं, लेकिन कृपया ध्यान दें कि ये अधूरी हो सकती हैं या इनमें हमारी जानकारी के बिना भी बदलाव हो सकता है और वेबसाइट पर पोस्ट की गई ऐसी किसी भी गलत या अधूरी जानकारी के लिए हम ज़िम्मेदार नहीं होंगे.

## 11. संचार और डिवाइस

**1.** मनी ट्रांसफ़र सेवा और अपने Remitly अकाउंट के माध्यम से पैसे भेजने के लिए, आपको Remitly को एक मोबाइल फ़ोन नंबर और एक ईमेल पता देना होगा. मनी ट्रांसफ़र सेवा या Remitly की किसी भी सेवा का उपयोग करके, आप यह दर्शाते/दर्शाती हैं कि दिया गया ईमेल पता और मोबाइल फ़ोन नंबर आपका है.

**2.** जब आप हमें अपना मोबाइल फोन नंबर या ईमेल पता प्रदान करते/करती हैं, तो आप अपने Remitly अकाउंट या Remitly ट्रांज़ेक्शन के संबंध में हमसे ट्रांज़ेक्शन और अकाउंट से संबंधित कॉल या टेक्स्ट (SMS) मैसेज और पुश सूचनाएं प्राप्त करने के लिए सहमति देते/देती हैं. हम इस अनुबंध और हमारी निजता सूचना की शर्तों के अनुरूप किसी भी उद्देश्य के लिए आपसे कॉल या टेक्स्ट के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं, जिसमें ट्रांज़ेक्शन रसीदें और आपके अकाउंट के अपडेट के बारे में सूचनाएं शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं. आपके मोबाइल कैरियर के साथ आपके अनुबंध के आधार पर मानक मैसेज और डेटा दरें लागू हो सकती हैं.

**3.** यह महत्वपूर्ण है और आपसे अपेक्षित है, कि आप अपने Remitly अकाउंट में अपना ईमेल और फोन नंबर अपडेट करते/करती रहें. आपको Remitly से प्राप्त मैसेज के लिए नियमित रूप से अपना ईमेल भी चेक करते रहना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप अपने ट्रांज़ेक्शन या हमारी सेवा के बारे में कोई भी ईमेल मिस न करें. अगर आप नियमित रूप से अपना रजिस्टर्ड ईमेल नहीं चेक करते/करती हैं, तो Remitly किसी भी नुकसान या अन्य परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.

## 12. एरर का समाधान, कैंसिलेशन और रिफ़ंड

**1. एरर का समाधान.** आपको अपने ट्रांज़ेक्शन में होने वाली गलतियों पर दावा करने का अधिकार है. अगर आपको लगता है कि आपके ट्रांज़ेक्शन में कोई गलती हुई है या आप मनी ट्रांसफ़र सेवा से संतुष्ट नहीं हैं, तो आपको नीचे दिए गए तरीकों से अपना ट्रांज़ेक्शन सबमिट करने की तारीख से 180 दिनों के अंदर हमसे संपर्क करना होगा:

- हमें [us-complaints@remitly.com](mailto:us-complaints@remitly.com)पर ईमेल भेजकर;

- हमारे [शिकायत पेज](https://www.remitly.com/us/hi/help/article/complaints-process?language=enUS) के माध्यम से हमसे संपर्क करके

- हमें 1-844-604-0924 पर फ़ोन करके; या
- हमें यहां पत्र लिखें: Remitly, Inc. attn: Customer Service, 401 Union Street, Suite 1000, Seattle, WA 98101, USA.

Remitly की गड़बड़ी को ठीक करने और कैंसिलेशन प्रकटीकरणों के लिए, [यहां क्लिक करें](https://www.remitly.com/us/en/home/errors).

**3. कैंसिलेशन.** आप अपने ट्रांज़ेक्शन के पूरा होने से पहले, किसी भी समय उसे कैंसिल कर सकते/सकती हैं. आपके ट्रांज़ेक्शन के पूरा होने का अर्थ है कि आपके प्राप्तकर्ता ने आपके द्वारा कैश पिक-अप के लिए भेजे गए फ़ंड को हासिल कर लिया है या आपके कैंसिलेशन के अनुरोध के समय फ़ंड प्राप्तकर्ता के बैंक अकाउंट में जमा कर दिया गया है. कैंसिलेशन अनुरोध प्राप्त होने पर, हम पुष्टि करेंगे कि क्या ट्रांज़ेक्शन पूरा हो गया है, जिसमें रिफ़ंड शुरू करने से पहले यह निर्धारित करने के लिए हमारे सेवा प्रदाताओं के साथ बातचीत करना शामिल हो सकता है कि क्या ट्रांज़ेक्शन पूरा हो गया है. किसी ट्रांज़ेक्शन को रोकने या कैंसिल करने की Remitly की क्षमता आपके द्वारा अपने प्राप्तकर्ता को फ़ंड वितरित करने के लिए चुनी गई विधि और आपके द्वारा कैंसिलेशन अनुरोध प्रस्तुत करने के समय पर निर्भर करती है. अगर हम ट्रांज़ेक्शन को कैंसिल कर सकते हैं, तो हम ट्रांज़ेक्शन की राशि, कर और किसी भी सेवा शुल्क को वापस कर देंगे, जो हमने ट्रांज़ेक्शन के हिस्से के रूप में आपसे लिया था. **ट्रांज़ेक्शन पूरा होने के बाद ट्रांज़ेक्शन की राशि रिफ़ंड नहीं की जाएगी**.

**4. डिलीवर नहीं होने वाले ट्रांज़ेक्शन.** हम यह निर्धारित कर सकते हैं या हमारे पार्टनर हमें सूचित कर सकते हैं कि आपके द्वारा की गई किसी गलती या आपके द्वारा हमें प्रदान की गई जानकारी में किसी समस्या के कारण आपका ट्रांज़ेक्शन पूरा नहीं हो सकता है. ऐसे मामलों में, हम आपको सूचित करेंगे कि आपका ट्रांज़ेक्शन पूरा नहीं हो सका और आपसे आपके द्वारा हमें दी गई जानकारी में बदलाव करने और ट्रांज़ेक्शन को फिर से सबमिट करने के लिए कहेंगे. अगर आप 72 घंटों के भीतर ट्रांज़ेक्शन से संबंधित गलती या समस्या को ठीक करने के लिए कार्रवाई करने में फेल हो जाते/जाती हैं, तो हम आपके ट्रांज़ेक्शन को कैंसिल करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. अगर हम आपके ट्रांज़ेक्शन को कैंसिल कर देते हैं, क्योंकि आप गलती या समस्या को ठीक करने के लिए कार्रवाई नहीं कर सके, तो हम ट्रांज़ेक्शन के हिस्से के रूप में आपके द्वारा भुगतान की गई पूरी ट्रांज़ेक्शन राशि, कर और कोई भी सेवा शुल्क वापस कर देंगे.

**5. रिफ़ंड.**

a. कृपया Remitly [त्रुटि समाधान और कैंसिलेशन प्रकटीकरण](https://www.remitly.com/us/en/home/errors) देखें, जिसमें आपके ट्रांज़ेक्शन में त्रुटि होने पर क्या करना है और उन परिस्थितियों के बारे में जानकारी दी गई है, जिनमें आपकी ट्रांज़ेक्शन राशि और किसी भी लागू शुल्क और कर को आपको रिफ़ंड किया जा

सकता है. अगर Remitly यह निर्धारित करता है कि आप किसी विशिष्ट ट्रांज़ेक्शन के लिए रिफ़ंड के हकदार हैं, चाहे वह लागू कानून के तहत हमारे दायित्वों के अनुसार हो या अन्यथा, हम पूर्ण ट्रांज़ेक्शन राशि, करों और किसी भी सेवा शुल्क को वापस कर देंगे, जिसे आपने ट्रांज़ेक्शन के हिस्से के रूप में चुकाया था.

b. सभी रिफंड उसी भुगतान साधन में जमा किए जाएंगे जिसका उपयोग ट्रांज़ेक्शन के भुगतान के लिए किया गया था. रिफ़ंड सिर्फ़ अमेरिकी डॉलर में किया जाता है और उसमें ट्रांज़ेक्शन सबमिट किए जाने के बाद से अमेरिकी डॉलर या विदेशी मुद्रा के मूल्य में आए बदलावों के हिसाब से फ़ेरबदल नहीं किया जाएगा. अगर मूल ट्रांज़ेक्शन के लिए उपयोग किया गया भुगतान साधन अब मान्य नहीं है और हम कोई पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान नहीं ढूंढ पाते हैं, तो आपका रिफंड तब तक विलंबित हो सकता है जब तक हम इसे एक व्यावसायिक रूप से उचित तरीके से प्रोसेस करने में सक्षम नहीं हो जाते.

c. **परफ़ेक्ट डिलीवरी का वादा** आपके द्वारा ट्रांज़ेक्शन सबमिट किए जाने से पहले और आपकी ट्रांज़ेक्शन रसीद में, हम वह सटीक तारीख और समय बता देंगे, जब आप अपने पैसे की डिलीवरी अपने प्राप्तकर्ता तक होने की उम्मीद कर सकते/सकती हैं. अगर आपका पैसा हमारे द्वारा बताई गई दोनों तारीखों और समय के बाद, आपके द्वारा ट्रांज़ेक्शन सबमिट किए जाने से पहले आपको बताई गई तारीख और समय के बाद, तथा ट्रांज़ेक्शन की रसीद में बताई गई तारीख और समय के बाद डिलीवर किया जाता है, तो इस ट्रांसफ़र के बदले हमने आपसे जो फ़ीस ली होगी, आप उस पूरी फ़ीस के रीफ़ंड के लिए हकदार होंगे/होंगी. सेवा शुल्क का रिफ़ंड प्राप्त करने के लिए, आपको नीचे सूचीबद्ध तरीकों के माध्यम से हमसे संपर्क करना होगा और संबंधित ट्रांज़ेक्शन पर लगाए गए सेवा शुल्क के रिफ़ंड का अनुरोध करना होगा.

- हमें [us-complaints@remitly.com](mailto:us-complaints@remitly.com) पर ईमेल भेजकर;
- हमारे [शिकायत पेज] के माध्यम से हमसे संपर्क करके(https://www.remitly.com/us/hi/help/article/complaints-process?language=enUS)
- हमें 1-844-604-0924 पर फ़ोन करके; या
- हमें यहां पत्र लिखें: Remitly, Inc. attn: Customer Service, 401 Union Street, Suite 1000, Seattle, WA 98101, USA.

- d. अगर किसी कारणवश, जो सेक्शन 12.4 में वर्णित नहीं है या हमारी त्रुटि समाधान और कैंसिलेशन प्रकटीकरणों के तहत कवर नहीं है, आप किसी विशेष ट्रांज़ेक्शन से संबंधित हमारी सेवा से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप

हमसे [संपर्क करके](https://www.remitly.com/us/en/help#contact) उस ट्रांज़ेक्शन के सेवा शुल्क के रिफ़ंड का अनुरोध कर सकते/सकती हैं.

## 13. मनी ट्रांसफ़र के लिए राज्य-विशिष्ट रिफ़ंड अधिकार और शिकायत प्रक्रिया

**1.** कृपया ध्यान दें कि कुछ न्यायक्षेत्रों के निवासियों को राज्य के धन प्रेषण कानूनों के तहत, इस सेक्शन में दिए गए संघीय कानून के अधिकारों के अतिरिक्त, विशेष रिफंड अधिकार और शिकायत प्रक्रियाएं प्राप्त हो सकती हैं. **राज्य-विशिष्ट रिफ़ंड अधिकारों और शिकायत प्रक्रियाओं की जानकारी [यहां](https://www.remitly.com/us/en/home/complaints) पाई जा सकती है**

- **टेक्सस.** टेक्सस राज्य में रहने वाले सेंटर के तौर पर, अगर आप Remitly से पैसे भेजते/भेजती हैं, तो रसीद मिलने के 30 मिनट के अंदर आप ट्रांज़ेक्शन कैंसिल कर सकते/सकती हैं. ऐसा करने पर, आपको न सिर्फ भेजे गए पैसे, बल्कि Remitly को दी गई सारी फ़ीस भी वापस मिल जाएगी, बशर्ते जिस शख्स को आप पैसे भेज रहे/रही थे/थीं, उसे ये पैसे या इसके बराबर की कोई चीज़ नहीं मिली हो.

**2. राज्य-विशिष्ट शिकायतें.** हम चाहते हैं कि अपने Remitly अकाउंट या किसी खास ट्रांज़ेक्शन के साथ-साथ हमारी सेवा के बारे में अपनी किसी भी समस्या या गड़बड़ी के बारे में आप सबसे पहले हमें बताएं. हालांकि, अगर आप चाहें, तो अपने राज्य में पैसे ट्रांसमिट करने का लाइसेंस देने वाली एजेंसी से भी संपर्क कर सकते/सकती हैं. **[ऐसा करने के सबसे सही तरीकों की जानकारी यहां पाई जा सकती है](https://www.remitly.com/us/en/home/complaints).**

## 14. अवधि और समाप्ति

**1. इस समझौते की अवधि.** यह अनुबंध उस समय से शुरू होता है, जब आप अनुबंध के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान करते/करती हैं, जैसा कि प्रस्तावना में बताया गया है. यह अनुबंध इस समझौते की शर्तों के अनुसार समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा.

**2. आप सुविधा के लिए इस अनुबंध को कब समाप्त कर सकते/सकती हैं.** आप किसी भी समय और किसी भी कारण से 1-844-604-0924 पर टेलीफोन द्वारा हमसे संपर्क करके या अपने मोबाइल ऐप में चैट करके और अपना Remitly अकाउंट बंद करके इस अनुबंध को समाप्त कर सकते/सकती हैं.

**3. Remitly सुविधा के लिए इस अनुबंध को कब समाप्त कर सकता है.** हम आपको कम से कम 15 दिन का नोटिस देकर किसी भी समय और किसी भी कारण से इस अनुबंध को समाप्त कर सकते हैं. अगर आप इन शर्तों या हमारी किसी भी नीति, जिसमें हमारी प्रतिबंधित गतिविधियां भी शामिल हैं, का उल्लंघन करते हैं, तो हम इस अनुबंध को तुरंत समाप्त कर सकते हैं.

**4. मेरा Remitly अकाउंट बंद होने या यह अनुबंध समाप्त होने के बाद क्या होगा?** अगर आपका Remitly अकाउंट बंद हो जाता है और/या यह अनुबंध समाप्त हो जाता है, तो आप सहमत हैं:

- हमारी Remitly की सेवाओं का उपयोग तुरंत बंद कर देंगे;
- इस समझौते के तहत प्रदान किए गए लाइसेंस समाप्त हो जाएंगे;
- हम यह अधिकार सुरक्षित रखते हैं कि लागू कानून के तहत रिकॉर्ड रखने के दायित्वों के अनुसार ऐसी जानकारी को संरक्षित रखें, लेकिन इसके अलावा, आपके द्वारा हमारी Remitly की सेवाओं के उपयोग के हिस्से के रूप में स्टोर की गई आपकी सारी जानकारी और अकाउंट डेटा को हटाने का अधिकार भी सुरक्षित रखते हैं; और
- हम आपके या किसी तीसरे पक्ष के हमारी सेवा के ऐक्सेस को समाप्त करने या उनकी जानकारी या अकाउंट डेटा को हटाने के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे.

**5. फ़ीस** इस अनुबंध का कोई भी समापन आपको समाप्ति से पहले आपके द्वारा देय किसी भी सेवा शुल्क या लागत और इस अनुबंध के तहत आपके द्वारा देय किसी भी अन्य राशि का भुगतान करने के किसी भी दायित्व से मुक्त नहीं करता है.

**6. अस्तित्व में रहना.** इस समझौते के वे सेक्शन, जो इस समझौते के समाप्त होने के बाद इसके उद्देश्य को पूरा करने या लागू करने के लिए यथोचित रूप से आवश्यक हैं, इस समझौते की समाप्ति के बाद भी अपनी शर्तों के अनुसार प्रभावी रहेंगी.

## 15. लाइसेंस; Remitly की बौद्धिक संपदा

**1. सेवा का ऐक्सेस.** आपको Remitly की सेवाओं को ऐक्सेस करने और उनका उपयोग करने का अधिकार प्रदान किया जाता है, जो हमेशा इस अनुबंध के अधीन है.

**2. लाइसेंस का एप्लिकेशन.** इस समझौते के अनुसार, Remitly आपको मोबाइल ऐप की एक प्रति डाउनलोड करने, इंस्टॉल करने और उपयोग करने के लिए एक सीमित, गैर-अनन्य, गैर-हस्तांतरणीय, गैर-उप-लाइसेंस योग्य, रद्द करने योग्य लाइसेंस देता है, जो आपके स्वयं के या आपके नियंत्रण में किसी डिवाइस पर है और इस मोबाइल ऐप की ऐसी प्रति को सिर्फ़ अपने आंतरिक उपयोग के लिए चलाने के लिए है.

**3. स्वामित्व.** आप स्वीकार करते/करती हैं कि इस वेबसाइट की सामग्री, टेक्स्ट, ग्राफ़िक्स, लोगो, और इमेज के साथ-साथ Remitly के अन्य सभी कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, लोगो और उत्पाद व सेवाओं के नाम सहित Remitly की सेवाओं का स्वामित्व सिर्फ़ और सिर्फ़ Remitly Inc. (**"Remitly की बौद्धिक संपदा"**) के पास है.

**4. उपयोग.** आप Remitly की बौद्धिक संपदा का किसी भी तरीके से प्रदर्शन नहीं करने, उपयोग नहीं करने, उसकी नकल नहीं बनाने या उसमें बदलाव नहीं करने के लिए सहमत हैं. आप सिर्फ़ अपने व्यक्तिगत, गैर-

व्यावसायिक उपयोग के लिए इस वेबसाइट के पेज देखने और उनकी प्रति बनाने के लिए अधिकृत हैं. इसके अलावा, आप सहमति देते/देती हैं कि आप: (i) सेवा को ऐक्सेस करने के लिए किसी रोबोट, स्पाइडर, स्क्रैपर या अन्य ऑटोमैटिक डिवाइस का उपयोग नहीं करेंगे/करेंगी; (ii) इस वेबसाइट (या इसके प्रिंट किए गए पेज) पर प्रदर्शित किसी भी ऑथर, ट्रेडमार्क या मालिकाना हक वाले अन्य नोटिस या लेजेंड को न तो हटाएंगे/हटाएंगी और न ही उनमें बदलाव करेंगे/करेंगी; या (iii) Remitly या किसी तीसरे पक्ष के कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट या अन्य बौद्धिक संपदा के अधिकारों या प्रचार या निजता के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करेंगे/करेंगी..

**5. फ़ीडबैक.** अगर आप हमें हमारी सेवाओं से संबंधित कोई सुझाव, फ़ीडबैक, समीक्षा या राय (**"ग्राहक राय"**) देते/देती हैं, तो आपकी उस ग्राहक राय में और उस ग्राहक राय पर पूरा अधिकार, स्वामित्व और हित हमारा होगा, भले ही आपने राय देते समय उसे गोपनीय के तौर पर मार्क किया हो. हम बिना किसी प्रतिबंध के ग्राहक राय का उपयोग करने के हकदार होंगे, जिसमें मार्केटिंग या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग भी शामिल है. आप हमें ग्राहक राय के सभी अधिकार, स्वामित्व और हित सौंपते/सौंपती हैं और ग्राहक राय में हमारे अधिकारों को दस्तावेज़ीकृत करने, त्रुटिरहित बनाने, और बनाए रखने हेतु ज़रूरत पड़ने पर हमें कोई भी सहायता प्रदान करने के लिए सहमत हैं. इस उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया गया शब्द: "सौंपते/सौंपती हैं" एक कानून-सम्मत शब्द है. इसका अर्थ है कानूनी रूप से लाभ ट्रांसफ़र करना, जैसे कि आपके द्वारा कानूनी तौर पर हमें ग्राहक राय का लाभ ट्रांसफ़र करना.

## 16. अस्वीकरण; सीमित वारंटी और उपचार

आप स्पष्ट रूप से समझते/समझती हैं और सहमत हैं कि लागू कानून द्वारा अनुमत पूर्ण सीमा तक, REMITLY अकाउंट और मनी ट्रांसफ़र सेवा का आपका उपयोग आपके एकमात्र जोखिम पर है और REMITLY अकाउंट और मनी ट्रांसफ़र सेवा सभी दोषों के साथ "जैसी है, वैसी" और "जैसी उपलब्ध है, वैसी" के आधार पर प्रदान की जाती है. Remitly स्पष्ट रूप से हर तरह की गारंटियों, प्रतिनिधित्वों और शर्तों से इनकार करता है, चाहे वे स्पष्ट हों या निहित हों, जिसमें ये बातें शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं: REMITLY अकाउंट और मनी ट्रांसफ़र सेवा के उपयोग से उत्पन्न व्यापारिक योग्यता, किसी विशेष उद्देश्य के लिए उपयुक्तता और गैर-उल्लंघन की निहित गारंटियां या शर्तें. कुछ न्यायक्षेत्र निहित वारंटी के अस्वीकरण की अनुमति नहीं देते हैं, इसलिए अगर आप उन न्यायक्षेत्रों में से किसी एक में रहते/रहती हैं, तो उपरोक्त अस्वीकरण आप पर लागू नहीं हो सकता है. आपको इस अनुबंध में या लागू राज्य या संघीय कानून द्वारा स्पष्ट रूप से बताए गए रिफ़ंड या अन्य उपायों का अधिकार हो सकता है. संघीय कानून के अनुरूप, अगर भुगतान राशि आपकी ट्रांज़ेक्शन रसीद पर दिखाई गई उपलब्धता तिथि तक प्राप्तकर्ता को उपलब्ध नहीं होती, तो आप हमें समस्या के बारे में सूचित करने के लिए उपरोक्त सेक्शन 12 में दी गई गड़बड़ी को हल करने की प्रक्रिया का उपयोग कर सकते/सकती हैं और आप हमारी सेवा फ़ीस के रिफ़ंड सहित संघीय कानून के तहत राहत पाने के हकदार हो सकते/सकती हैं.

## 17. हानि से सुरक्षा

इलेक्ट्रॉनिक फ़ंड ट्रांसफ़र ऐक्ट व उसके तहत आने वाले रेमिटेंस ट्रांसफ़र रूल, और 12 C.F.R. § 1005.1 et seq., में अन्यथा प्रदान किए गए दायरे को छोड़कर, आप Remitly, सेवा प्रदाताओं और उनसे जुड़ी सहायक कंपनियों, अधिकारियों, एजेंटों, पार्टनरों और कर्मचारियों के किसी भी दावे या मांग के संबंध में मुआवज़ा देने और उन्हें ज़िम्मेदार नहीं ठहराने के लिए सहमत हैं. इन दावों या मांगों में वकीलों की फ़ीस शामिल हो सकती है या आपके द्वारा मनी ट्रांसफ़र सेवा सहित Remitly की सेवाओं के उपयोग, सेवाओं से आपके संबंध, आपके द्वारा अनुबंध के उल्लंघन या आपके द्वारा किसी अन्य के अधिकारों के उल्लंघन के कारण या इनके परिणामस्वरुप किसी भी तीसरे पक्ष द्वारा किए गए दावे या मांग शामिल हो सकते हैं.

## 18. दायित्व की सीमा

लागू होने वाले कानून के तहत जिस हद तक इजाज़त दी गई है, उस दायरे का पालन करते हुए REMITLY, सेवा प्रदाता, या उनकी संबंधित सहायक कंपनियां, अधिकारी, एजेंट, पार्टनर, या कर्मचारी, किसी भी स्थिति में, प्रत्यक्ष रुप से होने वाले, अप्रत्यक्ष रुप से होने वाले, आकस्मिक रूप से होने वाले, विशेष रुप से होने वाले, परिणामतः होने वाले, या $500.00 से ज़्यादा (ट्रांज़ेक्शन राशि और सेवा फ़ीस रिफ़ंड करने के अलावा) के नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे. इन नुकसानों में ये भी शामिल हैं, मगर नुकसानों का दायरा इन्हीं तक सीमित नहीं हैं: Remitly, भुगतान पार्टनरों, या उनकी संबंधित सहायक कंपनियों, अधिकारियों, एजेंटों, पार्टनरों, या कर्मचारियों की ओर से लापरवाही के परिणामस्वरुप होने वाली मुनाफ़े, साख, उपयोग, डेटा की क्षति या अन्य अमूर्त क्षतियां (भले ही Remitly को ऐसी क्षतियों की संभावना के बारे में सूचित किया गया हो). ताकि कोई संदेह न रहे, कृपया ध्यान दें कि 15 U.S.C. § 1693m(a) के तहत आप अन्यथा जिन मौद्रिक क्षतिपूर्तियों के/की हकदार हैं, उन्हें पिछले दो वाक्यों में दी गई कोई भी चीज़ सीमित नहीं करती है.

## 19. विवाद समाधान और मध्यस्थता के लिए अनुबंध

**1. Remitly के साथ विवाद यह सेक्शन आपके अधिकारों को प्रभावित करता है, कृपया इस समझौते से सहमत होने से पहले ध्यानपूर्वक पढ़ें.**

जैसा कि इस अनुबंध में प्रयोग किया गया है, "दावा" में आपके और Remitly से संबंधित या इस अनुबंध से उत्पन्न होने वाले किसी भी पिछले, वर्तमान या भविष्य के दावे, विवाद या मतभेद, और/या इस अनुबंध में शामिल, इसके परिणामस्वरूप या इसके परिणामस्वरूप होने वाली गतिविधियां या संबंध शामिल होंगे.

अगर आपका या Remitly का मानना है कि उनके पास दूसरे के ख़िलाफ़ कोई दावा हो सकता है, तो आप और Remitly दोनों साठ दिनों (60) की अवधि के लिए अनौपचारिक रूप से दावे पर चर्चा करने के लिए सहमत हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि समाधान संभव है या नहीं. इस अवधि के दौरान, आप और Remitly इस बात पर सहमत हैं कि सीमाओं का कोई भी लागू क़ानून निरस्त कर दिया जाएगा. यह साठ (60) दिन की अवधि एक दावा नोटिस भेजने से शुरू होगी, जिसमें कथित दावे का संक्षिप्त विवरण और दूसरे पक्ष को कथित दावे का समर्थन करने वाले तथ्य और कानून शामिल होने चाहिए. आप सहमत हैं कि आप हमें इस पते पर नोटिस भेजेंगे/भेजेंगी: **Attn: Legal**, 401 Union Street, Suite 1000, Seattle, WA 98101. अगर Remitly को लगता है कि आपके विरुद्ध उसका कोई दावा है, तो Remitly आपके Remitly अकाउंट के प्रोफ़ाइल सेक्शन में दिए गए पते पर आपको एक ईमेल भेजकर उस दावे के बारे में सूचित करेगा.

अगर आप और Remitly हमारे द्वारा दावा नोटिस प्राप्त होने के साठ (60) दिनों के भीतर कथित दावे को हल करने में असमर्थ हैं, तो दावा करने वाला पक्ष नीचे बताए गए तरीके के अनुसार मध्यस्थता या लघु-दावा कार्रवाई शुरू कर सकता है.

आप और Remitly इस बात से सहमत हैं कि दावा नोटिस भेजना और ऊपर बताई गई अनौपचारिक विवाद प्रक्रियाओं में शामिल होना, किसी भी मध्यस्थता या छोटे-दावों की कार्रवाई शुरू करने के लिए एक पूर्वापेक्षा है. दावा नोटिस की आवश्यकता का अनुपालन न करना किसी भी मध्यस्थता या लघु-दावा कार्रवाई को खारिज करने का आधार है.

**2. मध्यस्थता के लिए अनुबंध.** आप और Remitly इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी दावे का समाधान व्यक्तिगत, बाध्यकारी मध्यस्थता द्वारा किया जाएगा. आप और Remitly इस प्रकार जूरी परीक्षण के किसी भी अधिकार को छोड़ने के लिए सहमत हैं और सहमत हैं कि आप और हम सिर्फ़ व्यक्तिगत हैसियत में एक-दूसरे के खिलाफ़ दावा कर सकते हैं, न कि किसी भी कथित वर्ग या प्रतिनिधि कार्यवाही में वादी या वर्ग के सदस्य के रूप में. जो पक्ष मध्यस्थता की प्रक्रिया शुरू कर रहा है, वह इसे [JAMS](https://www.jamsadr.com/) में आरंभ करेगा, जो एक स्थापित वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) सेवा प्रदाता है. JAMS से संबंधित जानकारी इसकी वेबसाइट [https://www.jamsadr.com/](https://www.jamsadr.com/) पर मिल सकती है. आप और Remitly इस बात पर भी सहमत हैं कि इस सेक्शन 19 की प्रयोज्यता, किसी दावे की मध्यस्थता, या इस सेक्शन 19 के दायरे या प्रवर्तनीयता के संबंध में किसी भी विवाद का निर्णय मध्यस्थ द्वारा किया जाएगा.

आपके और Remitly के बीच किसी भी मध्यस्थता को नियंत्रित करने वाले नियम विवाद की रकम पर निर्भर करेंगे. आपके और Remitly के बीच दावों के लिए जहां सभी दावों का कुल मूल्य (लागू कानून के तहत प्रदान की गई सीमा तक वकीलों की फ़ीस सहित) $250,000 से अधिक है, मध्यस्थता JAMS द्वारा अपने व्यापक

मध्यस्थता नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार प्रशासित की जाएगी. JAMS के व्यापक मध्यस्थता नियमों और प्रक्रियाओं की कॉपी https://www.jamsadr.com/rules-comprehensive-arbitration/ पर उपलब्ध है. आपके और Remitly के बीच दावों के लिए जहां सभी दावों का कुल मूल्य (लागू कानून के तहत प्रदान की गई सीमा तक वकीलों की फ़ीस सहित) $250,000 से अधिक नहीं है, तो मध्यस्थता JAMS द्वारा अपने सुव्यवस्थित मध्यस्थता नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार प्रशासित की जाएगी. JAMS के व्यापक मध्यस्थता नियमों और प्रक्रियाओं की कॉपी https://www.jamsadr.com/rules-streamlined-arbitration/#Rule-1 पर उपलब्ध है.

मध्यस्थता में कोई न्यायाधीश या जूरी नहीं होती है और मध्यस्थता पुरस्कार की न्यायालय समीक्षा संघीय मध्यस्थता अधिनियम, 9 यू.एस.सी. § 1 et seq. के अनुसार सीमित होती है. हालांकि, एक मध्यस्थ व्यक्तिगत आधार पर न्यायालय के समान ही हर्ज़ाना और राहत प्रदान कर सकता है (निषेधाज्ञा और घोषणात्मक राहत या वैधानिक हर्ज़ाना सहित) और उसे न्यायालय की तरह ही शर्तों का पालन करना चाहिए. संदेह से बचने के लिए, मध्यस्थ सार्वजनिक निषेधाज्ञा राहत प्रदान कर सकता है, अगर कानून द्वारा अधिकृत हो और व्यक्तिगत दावे द्वारा समर्थित हो.

a. **सामूहिक मध्यस्थता.** अगर 75 से ज्यादा ग्राहक, एक ही या जुड़े हुए वकील या लॉ फर्म के माध्यम से, Remitly के खिलाफ एक जैसी या जुड़ी हुई शिकायतों के साथ मध्यस्थता शुरू करते हैं, तो उन सभी शिकायतों को एक साथ एक बड़े समूह के रूप में सुलझाया जाएगा. यह प्रक्रिया JAMS सामूहिक मध्यस्थता प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों के **अनुसार**होगी. प्रक्रियाओं के अनुसार, दावों को JAMS मध्यस्थ या प्रक्रिया प्रशासक के विवेक पर समेकित या समूहीकृत किया जा सकता है. जब प्रक्रियाओं के अनुसार सामूहिक मध्यस्थता दायर की जाती है, तो पक्षकारों को JAMS सामूहिक मध्यस्थता प्रक्रिया फ़ीस अनुसूची में निर्धारित तरीके से JAMS प्रारंभिक दाखिल फ़ीस का भुगतान करना होगा. JAMS की सामूहिक मध्यस्थता प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों की कॉपी [https://www.jamsadr.com/mass-arbitration-procedures](https://www.jamsadr.com/mass-arbitration-procedures) पर उपलब्ध है. JAMS की सामूहिक मध्यस्थता प्रक्रिया शुल्क अनुसूची की एक प्रति [https://www.jamsadr.com/files/uploads/documents/massarbitrationprocedures-fs 4.29.24.pdf](https://www.jamsadr.com/files/uploads/documents/massarbitrationprocedures-fs4.29.24.pdf) पर उपलब्ध है.

b. **जूरी से जुड़ी छूट और सामूहिक कार्रवाई छूट.** लागू कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक आप स्वीकार करते/करती हैं और सहमत हैं कि इस समझौते में दिए गए दावों की मध्यस्थता के लिए सहमत होकर आप और Remitly प्रत्येक जूरी द्वारा परीक्षण के अधिकार को छोड़ने या किसी भी कथित वर्ग कार्रवाई या प्रतिनिधि कार्यवाही में वादी या वर्ग के सदस्य के रूप में भाग लेने के लिए सहमत हैं.

c. **ऑप्ट-आउट करें.** आप इस अनुबंध को स्वीकार करने के बाद 30 कैलेंडर दिनों के भीतर हमें मेल के माध्यम से निम्नलिखित सूचना भेजकर लिखित रूप में अपनी सकारात्मक ऑप्ट-आउट की सूचना देकर इस सेक्शन 19 से ऑप्ट-आउट कर सकते/सकती हैं: Remitly, Inc., **Attn: Legal**, 401 Union Street, Suite 1000, Seattle, WA 98101. आपको उस नोटिफिकेशन में इस सेक्शन 19 से बाहर निकलने के अपने इरादे का हस्ताक्षरित कथन शामिल करना होगा. अगर कोई नोटिस आपके द्वारा इस अनुबंध को स्वीकार करने के 30वें कैलेंडर दिवस पर या उससे पहले डाक द्वारा भेजा जाता है तो उसे समय पर भेजा गया माना जाएगा.

d. **लघु-दावा न्यायालय अपवाद.** उपरोक्त के बावजूद, अगर आपके और Remitly के बीच सभी दावों का कुल मूल्य आपके निवास राज्य में लघु-दावों की अदालत की न्यायक्षेत्र सीमा से कम है, तो ऐसा दावा करने वाला पक्ष आपके निवास राज्य में लघु-दावों की कार्रवाई कर सकता है.

e. **लागत और शुल्क** सभी फाइलिंग, प्रशासन और मध्यस्थ शुल्क का भुगतान लागू JAMS नियमों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा, जो मध्यस्थता लागत पर किसी भी राज्य की सीमाओं के अधीन होगा. अगर आप मध्यस्थता में सफल होते/होती हैं, तो आप लागू कानून के तहत प्रदान की गई सीमा तक वकीलों की फ़ीस और खर्च का हर्जाना पाने के हकदार होंगे/होंगी. Remitly मध्यस्थता में अपने पक्ष में निर्णय आने पर उस स्थिति में लागू कानून के तहत वकील की फ़ीस और खर्च की वसूली नहीं करेगा और उनकी प्राप्ति के लिए खुद को हासिल सभी अधिकार छोड़ देगा, बशर्ते मध्यस्थ को यह न पता चले कि आपके दावे का आधार या मांगी गई राहत अगंभीर है या उसका उद्देश्य अनुचित है.

f. **संघीय मध्यस्थता अधिनियम.** आप और Remitly इस बात से सहमत हैं कि यह अनुबंध अंतरराज्यीय व्यापार में एक लेन-देन दर्शाता है और इसलिए संघीय मध्यस्थता अधिनियम (9 U.S.C. § 1, आदि) लागू होता है, जिसमें इसके प्रक्रियात्मक प्रावधान भी शामिल हैं. इसका अर्थ यह है कि संघीय मध्यस्थता अधिनियम, अन्य बातों के अलावा, मध्यस्थता अनुबंध की व्याख्या और प्रवर्तन तथा इसके सभी प्रावधानों को नियंत्रित करता है, जिसमें बिना किसी सीमा के वर्ग कार्रवाई छूट भी शामिल है.

**3. दावों के लिए फ़ोरम.** अगर न्यायालय यह निर्धारित करता है कि यह सेक्शन 19 लागू करने योग्य नहीं है, तो आप और Remitly इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी दावे का समाधान किंग काउंटी, वाशिंगटन में स्थित या उसके आसपास के किसी भी राज्य या संघीय न्यायालय द्वारा किया जाना चाहिए. आप और Remitly ऐसे सभी दावों पर मुकदमा चलाने के प्रयोजनार्थ किंग काउंटी, वाशिंगटन के भीतर और आसपास स्थित राज्य और संघीय न्यायालयों के व्यक्तिगत न्यायक्षेत्र को स्वीकार करने के लिए सहमत हैं.

**4. मध्यस्थता प्रावधान की पृथकता** अगर मध्यस्थ यह निर्धारित करता है कि 19.2.B (जूरी छूट और

सामूहिक कार्रवाई छूट) अप्रवर्तनीय या अमान्य है, तो यह संपूर्ण सेक्शन 19 अनुबंध से अलग कर दी जाएगी और अनुबंध को इस प्रकार लागू किया जाएगा, मानो अनुबंध में यह सेक्शन 19 शामिल ही न हो.

## 20. **शासकीय कानून.**

इस अनुबंध के अर्थ पर विवादों के लिए, धारा 19 की शर्तों के अलावा, आप और Remitly सहमत हैं कि यह अनुबंध वाशिंगटन के कानूनों के अनुसार शासित होगा और सभी दावों का समाधान वाशिंगटन के कानूनों के अनुसार किया जाएगा, सिवाय कानूनों के टकरावों को नियंत्रित करने वाले कानून के निकाय के और Remitly की सेवाओं के संबंध में की गई सभी गतिविधियों को वाशिंगटन में निष्पादित माना जाएगा.

## 21. विविध

**1. संपूर्ण अनुबंध.** यह अनुबंध आपके और Remitly के बीच संपूर्ण अनुबंध माना जाएगा. साथ ही, यह आपके द्वारा आपके Remitly अकाउंट और मनी ट्रांसफ़र सेवा के इस्तेमाल को विनियमित करेगा, जैसा कि इस अनुबंध में बताया गया है। साथ ही, आपके और Remitly के बीच इससे पहले हुए किसी भी अनुबंध की जगह यही अनुबंध लागू होगा. Remitly की अन्य सेवाओं का आपका उपयोग, उन प्रत्येक सेवाओं के अलग-अलग नियमों और शर्तों के अधीन होगा.

**2. कोई वेवर नहीं.** अगर Remitly इस 'अनुबंध' के किसी अधिकार या प्रावधान का प्रयोग करने या उसे लागू करने में विफल रहता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि उस अधिकार या प्रावधान को माफ़ किया जा रहा है. अगर 'अनुबंध' का कोई भी प्रावधान किसी मध्यस्थ या किसी सक्षम अधिकार-क्षेत्र वाली अदालत द्वारा अमान्य पाया जाता है, तब भी सभी पक्ष इस बात से सहमत होंगे कि मध्यस्थ या अदालत के द्वारा 'अनुबंध' के अभिप्राय को (जैसा कि प्रावधान में ज़ाहिर किया गया हो) उचित रूप से वैध प्रभाव देने का प्रयास करना चाहिए, और अनुबंध के अन्य प्रावधान पूरी तरह से लागू होंगे और प्रभावी रहेंगे.

**3. अप्रत्याशित परिस्थितियां.** पहले से स्वीकार किए जा चुके ट्रांज़ेक्शन के संबंध में लागू कानून के तहत आवश्यक सीमा को छोड़कर, हम मनी ट्रांसफ़र सेवा के प्रदर्शन में किसी भी विफलता या देरी के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे, जब तक कि ऐसी विफलता या देरी हमारे उचित नियंत्रण से परे मामलों के कारण होती है, जिसमें बिना किसी सीमा के शामिल हैं: लागू कानूनों में परिवर्तन; आवश्यक भौतिक और नेटवर्क बुनियादी ढांचे का बंद होना या अनुपलब्धता; संप्रभु डिफ़ॉल्ट; बिजली या इंटरनेट विफलता; नागरिक अशांति; युद्ध; और भूकंप, आग, बाढ़, या अन्य प्राकृतिक आपदाएं.

**4. अन्य शर्तें.** इस 'अनुबंध' को हमारे अन्य ऑफ़र व हमारे 'रेफ़रल' प्रोग्राम पर लागू होने वाली शर्तों और आपके द्वारा 'सेवा' के इस्तेमाल के आधार पर आपके ऊपर लागू होने वाली अन्य शर्तों के द्वारा अनुपूरित किया जा सकता है. इन शर्तों को संदर्भ द्वारा इस अनुबंध में शामिल किया गया है. अगर इनमें से कोई भी शर्त इस समझौते के

साथ विरोधाभासी होती है, तो यह अनुबंध नियंत्रित होगा.

## 22. भाषा

यह अनुबंध अंग्रेज़ी भाषा में तैयार किया गया है और अन्य भाषाओं में अनुवाद उपलब्ध कराया जा सकता है. आप सहमत हैं कि इस अनुबंध के संबंध में होने वाले किसी विवाद के दौरान अगर अंग्रेज़ी और अनूदित संस्करणों के बीच कोई फ़र्क पाया जाता है, तो अनुबंध के अंग्रेज़ी संस्करण को ही मान्य माना जाएगा.

## 23. **तीसरे पक्ष की सेवाएं.**

**1. तीसरे पक्ष की वेबसाइट और विज्ञापन.** Remitly अकाउंट में तीसरे पक्ष की वेबसाइटों (**"तीसरे पक्ष की वेबसाइटें"**), एप्लिकेशन (**"तीसरे पक्ष के एप्लिकेशन"**) और तीसरे पक्षों के विज्ञापनों (**"तीसरे पक्ष का विज्ञापन"**) (सामूहिक रुप से, **तीसरे पक्ष की सेवाएं**) के लिंक शामिल हो सकते हैं. जब आप किसी तीसरे पक्ष की सेवा के लिंक पर क्लिक करेंगे, तब हम आपको यह चेतावनी नहीं देंगे कि आप अपने Remitly अकाउंट से निकल गए हैं और आप किसी अन्य वेबसाइट या गंतव्य के नियमों और शर्तों (निजता नीतियों सहित) के अधीन हो जाते हैं. तीसरे पक्ष की ऐसी सेवाएं Remitly के नियंत्रण में नहीं हैं. Remitly तीसरे पक्ष की किसी भी सेवा के लिए ज़िम्मेदार नहीं है. Remitly तीसरे पक्ष की इन सेवाओं को सिर्फ़ सुविधा के रूप में प्रदान करता है और तीसरे पक्ष की सेवाओं या इसके संबंध में प्रदान किए गए किसी भी उत्पाद या सेवा के संबंध में समीक्षा, अनुमोदन, निगरानी, समर्थन, वारंटी या कोई प्रतिनिधित्व नहीं करता है. आप तीसरे पक्ष की सेवाओं में सभी लिंक का उपयोग अपने जोखिम पर करते हैं. जब आप हमारी Remitly की सेवाएं छोड़ते/छोड़ती हैं, तो यह अनुबंध और हमारी नीतियां लागू नहीं होतीं. आपको किसी भी तृतीय-पक्ष की सेवाओं की गोपनीयता और डेटा एकत्रण प्रथाओं सहित लागू शर्तों और नीतियों की समीक्षा करनी चाहिए, और किसी भी तीसरे पक्ष के साथ किसी भी ट्रांज़ेक्शन को आगे बढ़ाने से पहले जो भी जांच आपको आवश्यक या उचित लगे, उसे कर लेना चाहिए.

**2. तीसरे पक्ष की सेवाओं के माध्यम से जानकारी शेयर करना.** Remitly, Remitly अकाउंट के माध्यम से ऐसे उपकरण प्रदान कर सकता है, जो आपको तीसरे पक्ष की सेवाओं को जानकारी एक्सपोर्ट करने में सक्षम बनाते हैं. इनमें से किसी एक टूल का उपयोग करके, आप सहमत होते/होती हैं कि Remitly उस जानकारी को लागू तीसरे पक्ष की सेवा को ट्रांसफ़र कर सकता है. Remitly किसी भी तीसरे पक्ष की सेवा द्वारा आपकी एक्सपोर्ट की गई जानकारी के उपयोग के लिए ज़िम्मेदार नहीं है.

**3. तीसरे पक्ष के एप्लीकेशन ऐक्सेस.** Apple App Store (एक **"App Store Sourced Application**") के माध्यम से ऐक्सेस किए गए या डाउनलोड किए गए किसी भी एप्लिकेशनके संबंध में, आप App Store Sourced Application का उपयोग सिर्फ़ (i) Apple-ब्रांडेड उत्पाद पर करेंगे/करेंगी, जो iOS (Apple के मालिकाना हक वाला ऑपरेटिंग सिस्टम) चलाता है और (ii) Apple मीडिया सेवा की शर्तों में निर्धारित

"उपयोग नियमों" द्वारा अनुमत है, सिवाय इसके कि ऐसे ऐप स्टोर सोर्स्ड एप्लिकेशन को Apple Media Terms of Service, वॉल्यूम खरीदारी या लीगेसी कॉन्टैक्ट फ़ंक्शन के माध्यम से खरीदार से जुड़े अन्य अकाउंट द्वारा ऐक्सेस, प्राप्त और उपयोग किया जा सकता है. इस सेक्शन में पहले वाक्य के बावजूद, Google Play Store (**Google Play Sourced Application**) के माध्यम से ऐक्सेस किए गए या डाउनलोड किए गए किसी भी एप्लिकेशन के संबंध में, आपके पास अपने निर्दिष्ट परिवार समूह के भीतर शेयर करने के आधार पर तीसरे पक्ष के एप्लिकेशन के उपयोग के संबंध में अतिरिक्त लाइसेंस अधिकार हो सकते हैं.

**4. Apple App Store से एप्लिकेशन को ऐक्सेस करना और डाउनलोड करना.** निम्नलिखित नियम किसी भी App Store Sourced Application पर लागू होते हैं, जिसे Apple App Store के माध्यम से ऐक्सेस किया गया हो या वहां से डाउनलोड किया गया हो:

a. आप स्वीकार करते/करती हैं और सहमत हैं कि (i) यह अनुबंध सिर्फ़ आपके और Remitly के बीच संपन्न हुआ है, न कि Apple के बीच, और (ii) Remitly, न कि Apple, App Store Sourced Application और उसकी सामग्री के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार है. App Store Sourced Application का आपका उपयोग App Store Terms of Service के अनुरूप होना चाहिए.

आप स्वीकार करते/करती हैं कि App Store Sourced Application के संबंध में किसी भी रखरखाव और समर्थन सेवाएं प्रदान करने के लिए Apple का कोई दायित्व नहीं है.

b. App Store Sourced Application के किसी भी लागू वारंटी के अनुरूप न होने की स्थिति में, आप Apple को सूचित कर सकते/सकती हैं, और Apple आपको App Store Sourced Application के लिए खरीद कीमत रिफ़ंड कर देगा और लागू कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, Apple का App Store Sourced Application के संबंध में कोई अन्य वारंटी पूर्ण दायित्व नहीं होगा. Remitly और Apple के बीच, किसी भी वारंटी का पालन करने में विफलता के कारण होने वाले किसी भी अन्य दावे, हानि, देयताएं, क्षति, लागत या व्यय की पूरी जिम्मेदारी Remitly की होगी.

c. आप और Remitly स्वीकार करते हैं कि, Remitly और Apple के बीच, Apple आपके या किसी तीसरे पक्ष के App Store Sourced Application या आपके पास App Store Sourced Application के उपयोग से संबंधित किसी भी दावे को हल करने के लिए ज़िम्मेदार नहीं है, जिसमें ये शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं: (i) उत्पाद दायित्व दावे; (ii) कोई भी दावा कि App Store Sourced Application किसी भी लागू कानूनी या नियामक आवश्यकता के अनुरूप नहीं है; और (iii) उपभोक्ता संरक्षण या इसी तरह के कानून के तहत उत्पन्न होने वाले दावे.

d. आप और Remitly स्वीकार करते हैं कि, किसी तीसरे पक्ष के दावे की स्थिति में कि App Store Sourced Application या आपके पास उस App Store Sourced Application का कब्ज़ा और उपयोग उस तीसरे पक्ष के बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन करता है, Remitly और Apple के बीच, Remitly, न कि Apple, इस अनुबंध द्वारा आवश्यक सीमा तक ऐसे किसी भी बौद्धिक संपदा उल्लंघन के दावे की जांच, बचाव, निपटान और निर्वहन के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार होगा.

e. आप और Remitly स्वीकार करते हैं और सहमत हैं कि Apple और Apple की सहायक कंपनियां, App Store Sourced Application के आपके लाइसेंस से संबंधित इस अनुबंध के तीसरे पक्ष के लाभार्थी हैं, और इस अनुबंध के नियमों और शर्तों को स्वीकार करने पर, Apple के पास तीसरे पक्ष के लाभार्थी के रुप में आपके खिलाफ़ App Store Sourced Application के आपके लाइसेंस से संबंधित इस अनुबंध को लागू करने का अधिकार होगा (और यह अधिकार स्वीकार कर लिया गया माना जाएगा).

f. इस अनुबंध की किसी भी अन्य शर्त को सीमित किए बिना, आपको App Store Sourced Application का उपयोग करते समय तीसरे पक्ष की लागू सभी अनुबंध शर्तों का पालन करना होगा.